Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) what are tho production targets of petroleum and natural gas in Andhra Pradesh during the Seventh Plan period;

(b) whether the targets have baen achieved for the first three yeats; and *(c)*if so, what are ihe details thereof and if not, wait are the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI BRAHM DUTT) : (a) No targets for production of oil and gas from Krishna Godavari basin have been set during the 7th Plan period.

(b) and (c) Do uot arise.

तरलीकृत पेट्रोलियम गैस का उत्पादन

4562. **श्री राम जेठमलानी** : क्या **पैट्रोलियम और प्राकृतिक** गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) एल. पी. जी. का उत्पादन करने वाले एककों की जुलाई, 1988 तक एक बार कुल उत्पादन क्षमता कितनी है।

(ख) क्या इन एककों का उत्पादन उनकी क्षमताओं के अनुरूप रहा है ;

(ग) यदि नहीं, तो गत दो वर्षों के दौरान उनके वास्तविक उत्पादन की वर्ष वार अलग-अलग स्थिति क्या है; और

(घ) क्या सरकार नये एककों की स्थापना करने से पहले पुराने एकको में उनकी क्षमताओं के अनुरूप उत्पादन सुनिश्चित करने हेतु कदम उठायेगी ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त) : (क) से (घ) कच्चे तेल को प्रोसेस करने की क्षमताओं, उपलब्ध सहायक संसाधन सुविधाओं, प्रोसेस किए गए कच्चे तेल/प्राकृतिक गैस की किस्म आदि के आधार पर एल० पी० जी० के उत्पादन में अन्तर आता है। इसी आधार पर विभिन्न एककों की उत्पादन क्षमता तथा पिछले दो वर्षों के दौरान विभिन्न एककों में एल०पी०जी० के उत्पादन का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है (नीचे देखिए)

वर्तमान एककों से एल०पी०जी० का अधिकतम उत्पादन करने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं। नए एककों की स्थापना, नई रिफाईनरियों को लगाने या नए गैस क्षेत्रों से एल० पी. जी. उत्पादन की वाणिज्यिक व्यवहार्यता से सम्बद्ध होती है।

यूनिट	क्षमता ("000 टन/प्रति वर्ष)	(वास्तविक उत्पादन "1000 टन/ प्रति वर्ष 1986-87	1987-88
एच.पी.सी-बम्बई	79.0	88.5	83.0
बी.पी.सी-बम्बई	181.0	155.8	187.0
सी.आर०एल--कोचीन	136.0	118.8	123.0
एम.आर.एल--मद्रास	134.0	111.9	113.4
एच.पी.सी--बिजाग	98.0	85.8	73.1
आ.ओ.सी--हल्दिया	29.0	31.4	32.5
आई.ओ.सी--कोयाली	182.0	188.5	212.6
आई.ओ.सी--मथुरा	166.0	160.5	171.8
आई.ओ.सी--बरौनी	51.0	46.0	39.6
आई.ओ.सी--गुवाहाटी	7.0	7.6	7.8
ओ.एन.जी.सी--ऊरान	380.0	408.0	429.3
ओ.एन.जी--अंकलेश्वर	45.0	44.0	47.0
बी०आई०एल--दुलियाजान (असम)	60.0	42.8	18.5
	1548.0	1490.0	1568.7
		6.3%	101.3%

टिप्पणी : इसके अतिरिक्त 20000 टन प्रतिवर्ष की क्षमता वाले ओ.एन.जी.सी. के हाजीरा एल.पी.जी. संयंत्र को दिसम्बर, 1987 में चालू किया गया तथा वर्ष 1987-88 के दौरान लगभग 30000 टन एल.पी.जी. का उत्पादन किया।